तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 19 नवंबर 2025

11 जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य सफलतापूर्वक जारी



12 जनजातियों का 'गौरवशाली अतीत' वक्ताओं ने ...





## खबर संक्षेप

### कर्मचारी रिहाई की मांग को लेकर को सौपा ज्ञापन

**बालोद।** सहकारी समिति कर्मचारी संघ दुर्ग, बालोद, बेमेतरा द्वारा सेवा सहकारी समितियो में कार्यरत जिला बालोद के कर्मचारियो की रिहाई हेतु कलेट्रेट घेराव संबंधी ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी बालोद व पुलिस अधीक्षक बालोद को सौपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि सेवा सहकारी समिति जिला बालोद के कर्मचारी प्रेमु भंडारी, डोमेन्द्र राय, खेमुराम साहू, पूर्वल मंडावी को पुलिस कंट्रोल रूप से 18 नवंबर को उनके निवास स्थान से बिना सूचना पुलिस कंट्रोल रूम बालोद लाया गया है। जिसके विरोध में 19 नवंबर को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय बालोद का घेराव के लिए संभाग के 7 जिला में कार्यरत समिति कर्मचारी जिला बालोद कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन हेतु पहुंचेंगे।

### कचरा संग्रहण केंद्र में सोलर सिस्टम व उपकरणों की चोरी

**बालोद।** कचरा संग्रहण केन्द्र में लगे सोलर सिस्टम व अन्य सामानो की चोरी हो गई। जिसके बाद सरपंच पति द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम गहिरानवागांव थाना देवरी निवासी विजय कुमार तारम ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में मेरी पत्नि रामकली तारम ग्राम पंचायत गहिरानवागांव में सरपंच है। हमारे गांव में सन 2022 में ग्राम पंचायत द्वारा शासकीय मद से गांव के बाहर गौठान से लगा हुआ कचड़ा संग्रहण केन्द्र में सोलर सिस्टम मशीन लगा हुआ है। 14 नवंबर के सुबह 07:30 बजे से 17 नवंबर के सुबह करीब 08 बजे के मध्य कचड़ा संग्रहण केन्द्र में लगे सोलर सिस्टम का मशीन 01 नग व संग्रहण केन्द्र के अंदर रखा हुआ 02 नग बेलचा व 01 नग फावड़ा को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा कचड़ा संग्रहण केन्द्र का ताला तोड़कर चोरी कर ले गया है। 17 नवंबर के सुबह करीब 08 बजे गांव के भारत माता वाहिनी के महिला सदस्य मीना बाई श्रीवास, पुष्पा बाई भुआर्य, पुनम श्रीवास, बीसन बाई मसिया एवं अन्य लोग जाकर देखे है तब चोरी होने के बारे में पता चला है।

### बुरी नीयत से घर में घुसा युवक, रिपोर्ट दर्ज

बालोद। देर रात घर के छत में चढ़े व्यक्ति घर मालिक के जागने की आवाज पाकर भाग गया। जिसे भागते हुए घर मालिक ने उस व्यक्ति की पहचान कर ली। जिसके बाद घर मालिक ने व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 296, 329, 331(4), 351(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम खुटेरी (खेरूद) निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि 13 नवंबर के रात्रि लगभग 01 बजे हमारे घर के छत में किसी के चलने की आवाज आई, मैं अपने पति को उठाकर बताई छत में कोई है, तब मेरे पति शेष पेज 10 पर

# यज्ञदत्त शर्मा ने संभाला लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष का पदभार

## संग्राहक परिवारों में उत्साह का माहौल, मुख्यमंत्री समेत मंत्रिमंडल के दिग्गज रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी संघ के नए उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत मंत्रिमंडल के सदस्यों की उपस्थिति में पदभार ग्रहण करेंगे। पं. जेएनएम मेडिकल कॉलेज, रायपुर के ऑडिटोरियम में प्रातः 10 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम एवं यज्ञदत्त शर्मा का पदभार ग्रहण होना है। इस समारोह में संपूर्ण जिले से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन पहुंचेंगे। पदभार ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे, अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। उनके अलावा मंत्रिमण्डल के दिग्गज मंत्री और भाजपा के बड़े नेता भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, प्रदेश सरकार के मंत्रीगण रामविचार नेताम, दयालदास बघेल, ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा, श्यामबिहारी जायसवाल, लखनलाल देवांगन, लक्ष्मी राजवाड़े, गजेंद्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब, राजेश अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे।



### की जा रही भव्य तैयारारियां

रायपुर स्थित मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में पदभार ग्रहण कार्यक्रम की भव्य तैयारियां की जा रही हैं। बताया जा रहा कि, वनोपज संघ में इस नियुक्ति के बाद संग्राहक परिवारों में उत्साह का माहौल है। हजारों की संख्या में बस्तर से लेकर सरगुजा तक के लोग कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी संघ लिमिटेड एक शीर्षस्थ संगठन है। जिसमें एक राज्य स्तरीय शीर्ष निकाय, 31 जिला संघ और 901 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियां शामिल हैं। वर्तमान में राज्य भर में तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र जिन्हें फड़ कहा जाता है जिसकी संख्या लगभग 10,300 हैं और इससे लगभग 13.76 लाख लघु वनोपज संग्राहक परिवार इन केंद्रों में कार्यरत हैं। संघ राज्य में लघु वनोपज क्षेत्र के प्रबंधन, विकास और व्यापार से संबंधित सभी पहलुओं के लिए उत्तरदायी है।

## सौगात : नई सड़कों और डिवाइडर निर्माण की घोषणा की

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया 'अटल परिसर' का लोकार्पण, विकास कार्यों के लिए करोड़ों की दी सौगात








हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के अलावा छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बहाकर छत्तीसगढ़ के नवनिर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। स्व. वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं व्यक्तित्व सार्वजनिक जीवन से जुड़े प्रत्येक व्यक्तियों के लिए प्रेरणा का स्त्रेत है।

- बालोद को जिला मुख्यालय की गरिमा के अनुरूप सजाया-संवारा जाएगा: डिप्टी सीएम साव

उक्त बाते प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने जिला मुख्यालय बालोद के नगर पालिका कार्यालय परिसर में आयोजित अटल परिसर का लोकार्पण एवं नालंदा परिसर की भूमि पूजन समारोह के अवसर पर कही। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के प्रति स्वर्गीय बाजपेयी का असीमित अनुराग एवं लगाव था। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा सरकार की बागडोर संभालने के पश्चात प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर का निर्माण करने का निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों से प्रति क्विंटल 3100 रूपये की दर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य के अलावा माताओं, बहनों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु राज्य में महतारी वंदन योजना लागू कर उनके खाते में प्रतिमाह 01–01 हजार रूपये डालने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर साव ने कहा कि बालोद जिले के प्रति शुरू से उनका आत्मीय स्नेह एवं लगाव रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बालोद जिला एवं शहर के विकास के लिए कोई कसर नही छोड़ेगी। साव ने आश्वस्त किया कि बालोद शहर को जिला मुख्यालय के गरिमा के अनुरूप सजाया एवं संवारा जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में मोदी की गारंटी के तहत प्रत्येक वादों को पूरा कर रही है। अरूण साव ने जल जीवन मिशन अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सोनईडोंगरी एवं मुड़खुसरा में तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भोथीपार एवं खल्लारी में एकल ग्राम नल जल योजना के कार्यों का लोकार्पण किया। इसी तरह नगर पंचायत चिखलाकसा में मूलभूत विकास कार्यों के लिए 02 करोड़ रूपये के अलावा नगर पालिका दल्लीराजहरा में मूलभूत विकास कार्यों के लिए 03 करोड़ रूपये की राशि के अलावा नगर पंचायत चिखलाकसा के अलावा नगर पालिका दल्लीराजहरा में संयुक्त रूप से मुक्ति धाम निर्माण हेतु 50 लाख रूपये शेष पेज 10 पर





# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पूरी हुई वर्षों की लंबित मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- 2.72 करोड़ की लागत से बने पुल से ग्रामीणों को मिला सुरक्षित आवागमन

जिले के ग्राम लिमोरा सहित क्षेत्र के हजारों लोगों की एक बड़ी समस्या का समाधान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हो गया है। एक समय था जब बारिश के दिनों में यहाँ की एक बड़ी समस्या लोगों के जीवन को थाम देती थी। यह समस्या ग्राम लिमोरा के समीप बहने वाला नाला था, जो कि ग्राम लिमोरा का मुख्य मार्ग व मुजगहन से जोड़ता है, लेकिन बरसात शुरू होते ही यह नाला उफान पर आ जाता था, और पानी का तेज बहाव रास्ते को पूरी तरह बंद कर देता था। आने–जाने के लिए ग्रामीणों को भारी जोखिम उठाना पड़ता था। कई बार बच्चे स्कूल नहीं जा पाते, ग्रामीणों को बाजार तथा मरीजों को अस्पताल तक पहुँचाना किसी चुनौती से कम नहीं था।

लिमोरा के ग्रामीण वर्षों से एक सुरक्षित रास्ते और मजबूत पुल की उम्मीद करते आ रहे थे। आखिरकार यह इंतजार तब खत्म हुआ जब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 02 करोड़ 72 लाख रूपए की लागत से लिमोरा नाला में पुल सहित पहुँच मार्ग का निर्माण पूरा हुआ। अब जब पुल में आवागमन शुरू हुआ, तो ग्रामीणों में एक नया उत्साह आया है। महिलाओं और बुजुर्गों ने राहत की सांस ली है कि अब उन्हें बारिश में खतरनाक नाला पार नहीं करना पड़ेगा। किसानों के लिए यह पुल किसी वरदान से कम नहीं, अब उनकी उपज आसानी से दूसरे गांव पहुँच सकेगी। बच्चों को स्कूल जाने का सुरक्षित रास्ता मिल गया, और मरीजों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाना भी आसान हो गया। ग्राम पंचायत लिमोरा के सरपंच जालम सिंह पडौति ने बताया कि पहले छोटी पुलिया होने से बहुत समस्या शेष पेज 10 पर

# बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर योग शिक्षक पीलू राम साहू द्वारा आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ।साथ ही बाल दिवस(आनंद मेला) के रूप में धूमधाम से उत्सव मनाया गया।

बच्चों के उत्साह व स्वस्थ मनोरंजन हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें खेलकूद प्रतियोगिता कबड्डी, रंगोली, मेंहदी,फूगडी, चित्रकला, मटका फोड़ मोमबत्ती जलाओ, सुरीली कुर्सी दौड़ स्लो सायकल रेस, स्टाल भेल, गुपचुप , हिन्दी सुलेख लेखन , सांस्कृतिक कार्यक्रम एकल, व सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक भूधर दास जोशी, शिक्षक संतोष कुमार देवांगन, शैलजा मार्टिन, हेमलता केशरा, भुवन सिंह कोसिमा, पीलू राम साहू ने सभी बच्चों को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं दिये।

# सीईओ चंद्रवंशी ने पीएम आवास निर्माण का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चन्द्रवंशी ने बालोद विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में निर्माणधीन प्रधानमंत्री आवासों का औचक निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा कर आवास निर्माण कार्य के प्रगति की जानकारी ली।

- निर्धारित समय-सीमा में आवास पूरा करने पर सीईओ ने दिया जोर

इस दौरान सीईओ चंद्रवंशी ने जनपद पंचायत बालोद के ग्राम पंचायत परसोदा के हितग्राही दयाबती, थानसिंह, सुनीती बाई तथा ग्राम पंचायत लाटाबोड़ के हितग्राही ज्ञानेश्वरी बाई, करणसिंह एवं कमला बाई के आवासों का औचक निरीक्षण कर लाभार्थियो से चर्चा भी की। उन्होंने निर्माणाधीन आवासों को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने तथा लाभार्थियों को निर्माणाधीन आवासो में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोखता गड्ढा निर्माण करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने हितग्राहियों से उनके आवास निर्माण में आने वाली समास्याओं की जानकारी लेते हुए उनके समाधान हेतु संबंधित अमलों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।



उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ग्राम पंचायतो में आवास निर्माण में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। सीईओ चंद्रवंशी ने सरपंच, पंच एवं अन्य जन–प्रतिनिधियो से सहयोग लेते हुए जनमानस में एक साकारात्मक माहौल तैयार कर हितग्राहियों से समन्वय स्थापित करते हुए नवीन स्वी—त अप्रारंभ आवासों को यथाशीघ्र प्रारंभ कराते हुए समय–सीमा में पूर्ण कराने के निर्देशित किया। सीईओ चंद्रवंशी ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेते हुए योजनाओ से मिलने वाली मूलभूत सुविधाओ के संबंध में भी जानकारी ली। इसके साथ ही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने ग्राम पंचायत लाटाबोड़ के निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन एवं सामुदायिक भवन का निरीक्षण भी किया। उन्होंने गांव के सरपंच, सचिव एवं अन्य अमलों को निर्माणाधीन कार्यों का निर्माण गुणवत्तापूर्वक एवं समय–सीमा में पूर्ण करने को कहा। उन्होंने अमृत सरोवर का निरीक्षण कर वृक्षारोपण, पाथवे एवं अन्य कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी लेते हुए रोपित पौधो के रखरखाव एवं देखभाल हेतु रोजगार सहायक, ग्राम सचिव एव सरपंच को निर्देश भी दिया।

## उपलब्धि का श्रेय जनभागीदारी को: कलेक्टर

# बालोद जिले को 'बेस्ट परफॉर्मिंग' जिला सम्मान, राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जिला कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को जल संचय, जन भागीदारी जेएसजेबी 1.0 के तहत पूर्वी जोन में शामिल बालोद जिला को बेस्ट परफॉर्मिंग जिले के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर सम्मानित किया है।

विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित 6वां राष्ट्रीय जल पुरस्कार एवं जल संचय, जन भागीदारी अवार्ड समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बालोद जिले में हुए उल्लेखनीय कार्यों के लिए बालोद जिले को 2 करोड़ रूपये का प्रोत्साहन राशि भी प्रदान किया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बालोद जिले को प्राप्त इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय संपूर्ण बालोद जिले वासियों को दिया है। मिश्रा ने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं संपूर्ण जिले वासियों के अथक प्रयासों एवं सक्रिय सहभागिता के फलस्वरूप जल संचय एवं जन भागीदारी अभियान में जिले को यह महत्वपूर्ण उलपब्धि हासिल हो सका है। उल्लेखनीय है कि बालोद जिले में 'जल संचय, जन भागीदारी' अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 01 लाख 06 हजार 677 नवीन जल संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही पूर्व निर्मित 30 हजार 849 जल स्त्रेतों में सामूहिक श्रम के माध्यम से मरम्मत एवं साफ सफाई की व्यवस्था की गई। ग्राम पंचायतों के माध्यम से जल भराव वाले स्थानों का चिन्हांकन कर नवीन जल स्त्रेतों का निर्माण किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों में 10 हजार वाटर रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है। वन क्षेत्र में जल संरचनाओं के साथ मृदा एवं जल संरक्षण के कार्य अंतर्गत 03 लाख 88 हजार पौधरोपण किया गया। जिले में इस अभियान से प्रेरित होकर ग्रामीणों द्वारा स्वप्रेरणा एवं निजी राशि से 27 हजार से अधिक घरों में सोकपिट संरचना का निर्माण किया गया है। इसके अलावा जिले में 01 लाख 09 हजार 0273 स्टेगर्ड कंटूर टेंच का निर्माण किया गया है। जिले में कुल 140 अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। जिले में 01 हजार 944 सामुदायिक तालाब, 06 हजार 160 निजी डबरी, तालाब निर्माण शेष पेज 10 पर



जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### 37 सहायक शिक्षकों को प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति मिली



**बालोद।** जिले के ई एवं टी संवर्ग के प्रधान पाठकों का पदोन्नति प्रक्रिया सोमवार 17 नवंबर को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बालोद के विवेकानंद सभागार में संपन्न हुआ। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से पदोन्नति प्रक्रिया संपन्न कराया गया। इस दौरान प्राथमिक शाला ई संवर्ग के 10 एवं टी संवर्ग के 27 सहायक शिक्षकों का प्राथमिक शाला प्रधान पाठकों के पद हेतु काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान सभी पदोन्नत शिक्षक–शिक्षिकाओं को वरिष्ठता क्रम के आधार पर जिले में प्रधान पाठकों के रिक्त पदों पर पदस्थ करने पद स्थापन आदेश जारी किया गया।

### कबड्डी संघ जूनियर एवं सीनियर चयन स्पर्धा 22 को

**बालोद।** जिला कबड्डी संघ बालोद द्वारा भारतीय पारंपरिक खेल कबड्डी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगामी जूनियर बालक, बालिका तथा सीनियर महिला पुरुष दोनों वर्गों की कबड्डी चयन प्रतियोगिता का आयोजन 22 नवंबर को सुबह 10 से ग्राम अरमरीकला में किया जा रहा है।अध्यक्ष नामदेव साहू, सचिव लोकनाथ निषाद ने बताया प्रतियोगिता में जूनियर बालक, बालिका एवं सीनियर महिला, पुरुष वर्गों के अंतर्गत सभी इच्छुक खिलाड़ी अपना आधार कार्ड एवं दसवीं की मूल अंक सूची के साथ तथा सीनियर वर्ग सिर्फ अपने आधार कार्ड के साथ इस प्रतियोगिता में नामांकन फीस 100 रखी गई है। इस चयन प्रतियोगिता में भाग ले सकते है जूनियर वर्ग के लिए बालक 70 किलोग्राम, बालिका 65 किलोग्राम एवं सीनीयर 85 किलोग्राम से अधिक ना हो। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन एवं टीम वर्क को प्रोत्साहित करना ह हमारे बालोद जिला के सदस्यगन लक्ष्मण देवांगन, शिवकल्हारी, हिरेंद्र साव, उमेश साहू, राजेंद्र साहू, पुष्पकांत, डीलेंद्र, ज्ञानिक उपस्थित रहेंगे।

**जागरूकता**

**छात्रों ने ली नशामुक्ति व यातायात नियम पालन की शपथ**

# साइबर अपराध एवं बाल सुरक्षा पर पुलिस की ने किया जागरूकता अभियान





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले में साइबर जागरूकता, बाल सुरक्षा, नशामुक्ति एवं यातायात नियमों पर सतत जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

■ डिजिटल अपराधों से सुरक्षा को लेकर पुलिस ने दी

उसी क्रम में सीएसपी डॉ. चित्र वर्मा के नेतृत्व में शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डौंडी में साइबर अपराध, बाल सुरक्षा, नशामुक्ति एवं यातायात नियमों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

साइबर जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रमुख रूप से ऑनलाइन वित्तीय ठगी, सोशल मीडिया अपराध, फजऍ लोन ऐप्स तथा डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर फ्रॉड से बचाव, संदिग्ध लिंक, एप्लीकेशन एवं अनजान कॉल से सतर्क रहने की सलाह। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर 1930 पर कॉल कर तत्काल रिपोर्ट दर्ज कराने तथा साइबर क्राइम पोर्टल पर स्वयं शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा एवं बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी प्रदान की गई, जिनमें दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, पॉक्सो एक्ट बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम साथ ही विद्यार्थियों को आवश्यक हेल्पलाइन नंबर- 1091 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा बताये गए। सामाजिक संदेश के तहत कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन जीने, महिलाओं के प्रति सम्मान रखने तथा यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

जिले में आयोजित ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम समाज में सुरक्षा, संवेदनशीलता एवं साइबर साक्षरता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में महिला सेल से एएसआई सीता गोस्वामी, महिला आरक्षक मीरा मंडावी, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक रुमलाल चुरेंद्र, आरक्षक आकाश सोनी, विद्यालय के प्राचार्य एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# 9 किलो की गांजा साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**बालोद।** पुलिस थाना पुरूर को 9.980 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी को पड़ने में सफलता मिली है। 9.980 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा एवं घटना में प्रयुक्त वाहन स्कूटी को पुलिस ने जप्त कर लिया है। जिसमे पुलिस ने आरोपी वार्ड नंबर 24 अरिहंत हॉटल के पास थाना मोहन नगर दुर्ग जिला दुर्ग निवासी अमन उर्फ शुभम राजपूत पिता स्व. राजेन्द्र सिंह 24 वर्श को गिरफ्तार किया गया है।

थाना पुरूर की टीम को 16 नवंबर को मुखबीर के माध्यम से सूचना मिला कि एक ग्रे रंग की एक्टीवा स्कूटी सीजी 07 सीसी 9158 जिसमें 2 व्यक्ति है जो अपने साथ में एक लाल रंग के प्लास्टिक थैला में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखे हुए है, जो कांकेर चारामा के रास्ते रायपुर की ओर जा रहे है, जिसकी सूचना पर नाकेबंदी किया गयां मुखबीर के बताए अनुसार एक ग्रे रंग की एक्टीवा स्कूटी सीजी 07 सीसी 9158 आया जिसे घेराबंदी कर रोका गया। जो स्कूटी चला रहे व्यक्ति स्कूटी को तेज रफ्तार में आकर पुलिस द्वारा रोकने पर नही रूककर आगे बढ़ाकर अपने स्कूटी को रोककर जंगल की आड़ लेकर भाग गया। स्कूटी के पीछे बैठे व्यक्ति को पकड़ा गया, जिससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम वार्ड नंबर 24 अरिहंत हॉटल के पास थाना मोहन नगर दुर्ग जिला दुर्ग निवासी अमन उर्फ शुभम राजपूत पिता स्व. राजेन्द्र सिंह 24 वर्श बताया व अपने फरार हुए साथी का नाम वार्ड क्रमांक 24 जैन मंदिर के पास थाना मोहन नगद दुर्ग जिला दुर्ग निवासी सागर यादव पिता दिलीप यादव 25 वर्श बताया जो स्कूटी के सामने पायदान मे एक लाल संफेद रंक के प्लास्टिक थैला मे अवैध मादक पदार्थ गांजा छिपाकर रखा था। जिसके विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ 9.980 किलोग्राम, घटना में प्रयुक्त स्कूटी वाहन, को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपीयो के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया जिसमे गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय से न्यायिक रिमाण्ड मे लिया गया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 'घर-घर संपर्क अभियान' की शुरूआत हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संगठन व सेवा के संघ यात्रा के 100 वर्ष पूर्ण होने पर घर घर संपर्क अभियान के तहत मंगलवार को नगर में घर घर संपर्क कर पत्रक वितरण कार्यक्रम का शुरुआत किया गया, सर्वप्रथम पुराना बस स्टैंड स्थित मां महाकाली मंदिर प्रांगण में मां को नमन करने के बाद पूज्य पुजारी लोकेश दुबे को संघ पत्रक व भारत माता के तेलचित्र फोटो का वितरण कर अभियान को प्रारंभ किया गया जिसके तहत नगर के पुराना बस स्टैंड,सदर लाइन,विवेकानंद चौक, बाजार चौक,नया बस स्टैंड,संजयनगर में घर घर जाकर संपर्क किया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का प्रत्येक स्वयं सेवक नियमित रूप से समाज परिवर्तन और समस्याओं का समाधान करने के लिए सतत सक्रिय रहते हैं।लेकिन शताब्दी वर्ष को निमित्त मानकर पांच विषयों पर सज्जन शक्ति के सहयोग से जन जागरण के लिए विशेष प्रयत्न करने पंच परिवर्तन का अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसके तहत सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन,स्व आधारित जीवन,व नागरिक कर्तव्य बोध के माध्यम से आमजन तक संपर्क व कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसी क्रम में आज घर घर संपर्क किया गया ।

आज इस कार्यक्रम में संघ संगठन के सियाराम सार्वा,विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता,महेंद्र जायसवाल,भानुदेव साहू,देव देवांगन,महावीर तातेड, राजू सिन्हा, धर्मेंद्र निषाद,प्यारे लाल निषाद, हीरा ठाकुर,अजय बाफना,डोमार साहू,अशोक सिन्हा, सेवंत देवांगन,तोरण ठाकुर, मंजू लता श्रीवास, प्रतिभा सुकतेल, दुर्गेश्वरी, सुरेश,गोविंद साहू, डोमेंद्र देशमुख, सहित सरस्वती शिशु मंदिर के दीदी व बहनों के साथ छात्र छात्राएं भी इस अभियान में शामिल रहे।

विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने इस अभियान को लेकर कहा कि संघ का 100 वर्षों से यह महायज्ञ अविरल रूप से चल रहा है। देश व समाज के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान व परिवर्तन लाने यह संघ कार्य का अगला चरण है। देश बहुत विशाल है इस हेतु सभी को एक साथ मिलकर काम करना होगा इसके लिए आमजन को सक्रिय होना होगा अपनी पवित्र भूमि, मातृभूमि को विश्व गुरु बनाने इस राष्ट्र कार्य में सभी सक्रिय भूमिका निभाने साथ आयें, भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाए।

# ग्राम लिमोरा उपस्वास्थ्य केंद्र में गंदगी का अंबार, लापरवाही से ग्रामीण परेशान




हरिभूमि न्यूज ▸▸| लाटाबोड़

ग्राम लिमोरा स्थित शासकीय उपस्वास्थ्य केंद्र की बदहाल सफाई व्यवस्था से ग्रामीणों में नाराज़गी व्याप्त है। स्वास्थ्य विभाग जहाँ स्वच्छता और स्वास्थ्य का संदेश देता है, वहीं केंद्र परिसर में गंदगी का अम्बार, दुर्गंध एवं सफाई व्यवस्था की उपेक्षा गंभीर चिंता का विषय बन गई है। स्वास्थ्य केंद्र परिसर के आसपास कूड़े–कचरे का ढेर लगा हुआ है, जिससे लगातार बदबू फैल रही है। नालियों की सफाई न होने से दुर्गंध और बढ़ गई है। वहीं स्वास्थ्य केंद्र के पाइप टूटे पड़े हैं और केंद्र पर ताला लगा हुआ पाया गया। परिसर में लगे शीतल पेयजल फ्रिजर के ऊपर सेम की बेलें उग आई हैं, जिन्हें हटाने की किसी भी प्रकार की पहल नहीं की गई है। उपस्वास्थ्य केंद्र के पास स्थित कर्मचारी आवासों के आसपास भी सफाई न के बराबर है, जिससे वहां रहने वाले कर्मचारी परेशान हैं। गंदगी की बदबू स्वास्थ्य केंद्र के अंदर तक पहुँच रही है, जिससे उपचार के लिए आने वाले मरीजों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की इस लापरवाही पर सवाल उठाते हुए तत्काल सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग की है। इस संबंध में सीएमएचओ जे.एल. उइके ने बताया कि साफ–सफाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधितों को निर्देशित किया जा रहा है।

# ढाई सौ फीट वायर और खेती के औजार चोरी

**बालोद।** खेत के मकान में लगे मशीन वायर व खेती के औजारो को चोर चोरी कर ले गया। जिसके बाद पीड़ित किसान ने चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम खैरा थाना देवरी निवासी जागृत सोनकर ने पुलिस को बताया कि मेरा करीबन पांच एकड़ कृषि भूमि ग्राम खैरा गहिरानवागांव खार में है, जिसमें मैं दो रूम का पक्का मकान बनाया था जिसमें कृषि उपकरण व खेत आने जाने में रहने के लिए उपयोग करते थे इसी मकान में तीन एच पी पम्प कनेक्शन का स मेन स्वीच लगा हुआ है, जिसमें करीबन ढाई सौ फीट केबल वॉयर मकान से ट्यूब बेल मशीन तक लगा हुआ था, मकान में कृषि उपकरण दो नग गैती, दो नग फावड़ा व अन्य समान रखा हुआ था, 16 नवंबर के करीबन दोपहर 12 बजे जाकर देखा था तब मकान के दरवाजा में ताला लगा हुआ था, 17 नवंबर के 08 बजे जाकर देखा तो मकान में लगे ताला गुजर सहित दरवाजा को तोड़कर मकान में लगे तीन एचपी पम्प कनेक्शन का स्टार्टर व मेन स्वीच से कनेक्शन काटकर केबल वॉयर करीबन ढाई सौ फीट, व दो नग फावड़ा, दो नग गैंती नहीं था।

# स्वामी युगल शरण ने बताया कर्म मार्ग की जटिलता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद




ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 20 दिवसीय प्रवचन श्रृंखला के 12 वे दिन स्वामी युगल शरण ने कर्म मार्ग के विषय में व्याख्या करते हुए बताया कि कर्म मार्ग क्या है, वास्तविक कर्म क्या है, वास्तविक धर्म क्या है, कौन सा कर्म निंदनीय है, कौन सा कर्म वंदनीय है, किसको अपनाना है, किसको त्यागना है, इसके बारे में हम ठीक से समझ नहीं सकते।

■ ब्रज गोपिका सेवा मिशन के 12वें दिन प्रवचन; बताया- सत्य बोलना, माता-पिता की सेवा करना ही धर्म है

कर्म के बारे में वेद कहता है सत्य बोलो, धर्म का सही–सही पालन करो, माँ पिता की सेवा करो, गुरु की सेवा करो ये तुम्हारा धर्म है। भगवान भी कहते हैं श्रुति स्मृति में जो कर्म धर्म बतलाया गया, उसको प्रत्येक जीव को सही–सही पालन करना होगा और जो नहीं करता, वह मेरा दुश्मन है।

### कर्म क्या है, इसका अर्थ समझना जरूरी

संसार में अनेक प्रकार के मार्ग चल रहे हैं। संसार में सब आये, प्रत्येक अपना–अपना गुणों के हिसाब से वेद वाणी के कई अर्थ कर दिये और इस प्रकार कई मार्ग निकल आये। कर्म चार प्रकार का है। एक कर्म, दूसरा विकर्म, तीसरा अकर्म या कर्मयोग, चौथा कर्मसंन्यास, कर्म में चार चिजें आती है नित्य कर्म, नैमित्तिक कर्म, काम्य कर्म, प्रायश्चित कर्म। दो कर्म होता है, एक निषिद्ध कर्म और दूसरा सा्त्विवक कर्म। निषिद्ध कर्म वह विधि और निषेध है जो निषेधात्मक कर्म जिनको कोई नहीं कर सकता, सबके लिए निषेध ये सबको पालन करना होगा, जैसे झूठ बोलना, अत्याचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, चोरी ये निषिद्ध कर्म है।

सात्विक कर्म है वैदिक धर्म

सात्विक कर्म को वैदिक कर्म कहलाते हैं। इसी को धर्म कहते हैं, पुण्य कर्म कहते हैं। ये कर्म–धर्म, सबको श्रुति स्मृति के अनुसार पालन करना है। इसको कोई उलंघन नहीं कर सकता। नित्य कर्म– सबको अपने अपने वर्ण के अनुसार नित्य कर्म करना होगा। जो नहीं करेगा, दंड मिलेगा। नित्य कर्म करने से फल नहीं मिलता है। नैमित्तिक कर्म– कभी कभी कर्मकांड के अन्तर्गत इसका पालन करना होगा। जैसे घर में बच्चा का जन्म हुआ, कोई मर गया आदि। काम्य कर्म– कामना पूर्ति के लिए जो यज्ञ आदि कर्म किया जाता है। प्रायश्चित कर्म आपने जान के नहीं किया, आपसे अनजाने में कोई पाप हो गया। तो शास्त्र के नियम के अनुसार उसी जन्म में प्रायश्चित कर्म करने से उसी पाप से मुक्ति मिल जाएगा, मरने के बाद कोई दंड नहीं मिलेगा। इसको प्रायश्चित कर्म कहा जाता है।

### त्रुटि पर मिलता है दंड

नित्य, नैमित्तिक, काम्य और प्रायश्चित कर्म ये चार प्रकार का कर्म को कर्मकांड कहते हैं। इसमें विधि है, निषेध है। बड़ी–बड़ी शर्ते हैं। ये करने के लिए बड़े–बड़े नियम है, इसका सही–सही पालन कोई नहीं कर सकता। यदि त्रुटि हो गई, तो कर्मकांड का फल नहीं मिलेगा, उलटा दंड मिलेगा। इसके लिए 6 उपकरण चाहिए। देश, काल, द्रव्य, कत्र्ता, मंत्र, विधि। कलयुग में कर्म–कांड का पालन कठिन नहीं असम्भव है। स्थान पवित्र होना चाहिए, कौन सी समय में यज्ञ करना है, द्रव्य शुद्ध कमाई का होना चाहिए, कत्र्ता को शास्त्र का ज्ञान ठीक–ठीक होना चाहिए, नहीं तो मंत्र उच्चारण के समय त्रुटि कर दी तो अपराध, विधि भी ठीक–ठीक होना चाहिए इतना कठिन है ये सब पालन करना। फिर भी यदि कोई सही–सही नियमों का पालन कर लिया, तो इसका फल है स्वर्ग, जहाँ हमारा माया निवृत्ति नहीं होगी और हमारा लक्ष्य पूरण नहीं होगी।

# एकलव्य महाविद्यालय में रासेयो की सात दिवसीय शिविर की शुरुआत



**डौंडीलोहारा।** राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार, युवा मामले और खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा का राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत कोचेरा में किया गया है। यह शिविर प्राचार्य डॉ रोशन आरा व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी पुरुषोत्तम भुआर्य सहायक प्राध्यापक के मार्गदर्शन व अध्यक्षता मे किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन मंगलवार को संध्या 4:00 बजे ग्राम पंचायत कोचेरा की सरपंच अंजनी कोठारी के मुख्य आतिथ्य, उपसरपंच रामकुमार व प्रदीप कुमार खरे सहायक प्राध्यापक विशिष्ट अतिथि व ग्राम पंचायत कोचेरा के सचिव ,पंचगण व ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी भुआर्य सर ने ग्रामवासियों के बीच में शिविर के उद्देश्य से अवगत कराते हुए बताया कि शिविर का उद्देश्य व्यक्तित्व विकास से छात्रों को स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से एक कुशल सामाजिक नेता और प्रशासक बनने में मदद करना। सामाजिक चेतना से छात्रों में सामाजिक दायित्व और राष्ट्र सेवा की भावना पैदा करना। वास्तविक अनुभव से छात्रों को अपनी शिक्षा के दौरान वास्तविक सामाजिक परिस्थितियों से अवगत कराना। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सत्र 2025 थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा है। भुआर्य सर ने बताया कि रासेयो शिविर के साथ साथ ग्रामीणों को लाभ मिले इस लिए शिविर के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर, पशु टीकाकरण शिविर, विधिक प्राधिकरण शिविर, वह अन्य और शिविर जिनके माध्यम से ग्रामीणों को अधिक से अधिक जागरूकता व लाभ मिल सके ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सरपंच श्रीमती कोठारी जी ने समस्त स्वयंसेवक शिविरार्थियों व कार्यक्रम अधिकारी को हर तरह से सुरक्षित व सुविधा उपलब्ध करने का आश्वासन दिया।

# किल्लेकोड़ा में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा में आदिवासी क्रांतिदूत बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य अजय मुखर्जी एवं व्याख्याता डॉ. बी.एल. साहसी के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. साहसी ने कहा कि बिरसा मुंडा का जन्म वर्ष 1875 में झारखंड के उलहातू गांव में हुआ था। वे आदिवासी समाज के महान स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोकनायक थे।

मात्र 25 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध विद्रोह कर स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बिरसा मुंडा को 'धरती आबा' कहा जाता है। उनका नारा "अबुआ दिसुम अबुआ राज" अर्थात "हमारा देश, हमारा राज" आज भी प्रेरणा देता है।व्याख्याता वाय.एस. मरकाम ने कहा कि उलहातू गांव का यह युवा अंग्रेजों की आंखों की किरकिरी बन गया था। उन्होंने आदिवासी समाज के हक और अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्ष किया। मुख्य अतिथि संबोधन में प्राचार्य अजय मुखर्जी ने कहा कि बिरसा मुंडा अंग्रेजों के विरुद्ध सबसे बड़ी बाधा थे। वे न केवल स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि आदिवासी समाज के जननायक और श्रद्धा के प्रतीक भी बने। इसलिए उन्हें धरती का पिता और भगवान के रूप में सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ जिनमें व्याख्याता सी.जी. पटेल, जे.पी. बांधव, हेमेंद्र साहू, घनश्याम पटेल, त्रिजला ठाकुर, खगेश ठाकुर, कुशल देवदास सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे।अंत में आभार प्रदर्शन व्याख्याता पटेल सर द्वारा किया गया।

## पेज 9 के शेष

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया ....

की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। साव ने सभी संबंधित नगर पालिका एवं पंचायतों के अध्यक्षों को इन विकास कार्यों का शीघ्र प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा।

उपमुख्यमंत्री साव ने नगर पालिका परिषद बालोद शहर के मूलभूत विकास हेतु 04 करोड़ रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होने जिला मुख्यालय बालोद में तान्दुला नदी पुल से उप जेल तक डिवाइडर निर्माण तथा बालोद से लोहारा मार्ग एवं जगन्नाथपुर से परसोदा मार्ग निर्माण करने की घोषणा की। साव ने डिवाइडर निर्माण के कार्य को दिसंबर माह तक प्रारंभ करने का आश्वासन भी दिया।

समारोह में उपमुख्यमंत्री श्री साव ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र एवं आवास की चाबी सौंपी। इस दौरान उन्होंने बालोद शहर के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया। विधायक संगीता सिन्हा ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के योगदानों का भी उल्लेख किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बालोद जिले से जुड़े उनके प्रसंगों का भी उल्लेख किया। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन ने जिला मुख्यालय बालोद एवं जिले के प्रमुख मांगों की ओर उप मुख्यमंत्री साव का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इन मांगों को शीघ्र पूरा करने का अनुरोध किया। **इनकी रही उपस्थिति :** समारोह में राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, वीरेंद्र साहू एवं प्रीतम साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, नगर पंचायत गुंडरदेही प्रमोद जैन, पवन साहू, अमित चोपड़ा, कुसुम शर्मा, जसराज शर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा समाज प्रमुखों सहित नगर पालिका परिषद बालोद के पार्षद एवं अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में शहर वासी उपस्थित थे।

### बालोद जिले को 'बेस्ट परफॉर्मिंग' ...

किया गया है। जिले में 399 मिनी परकुलेशन टैंक, 06 हजार 614 लूज बोल्डर चेक डेम, 672 नदियों का पुनरूद्धार किया गया है। जिले में 69 स्टॉप डेम, 316 गेबियन चेक डेम, 423 कुंआ का निर्माण किया गया है। जिले में कुल 44 हजार 49 वाटर रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है। उपरोक्त सभी कार्यों के फलस्वरूप भारत सरकार के सभी मानको के आकलन के आधार पर बालोद जिले को प्रथम स्थान अर्जित होने पर यह महत्वपूर्ण सौगात मिला है।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क ...

थी, अब पुल बनने से ग्रामीणों को सुविधा मिली है, अब किसी प्रकार से आवागमन में बाधा नहीं होती है। इससे क्षेत्र के हजारों लोगों को आवागमन में सुविधा मिली है। लिमोरा गाँव का यह नया पुल सिर्फ कंक्रीट का ढांचा नहीं है, बल्कि यह उम्मीद, सुविधा और विकास का प्रतीक बन चुका है। बरसात के दिनों में जो गाँव चिंतित हो जाता था, वही आज आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने न सिर्फ एक पुल बनाया, बल्कि लिमोरा के लोगों के जीवन में नई रोशनी भी लाई है।

### बुरी नीयत से घर में ...

सीढी से छत में गए तथा जोर जोर से चोर चोर कहकर चिल्लाए तब गंगाप्रसाद नाम का व्यक्ति अपने जुता को छत में ही छोडकर भाग गया। मैं गंगा प्रसाद को पहचानती हूं। मेरा पति भी गंगा प्रसाद को पहचानते है। गंगाप्रसाद हाई स्कूल में मैडम को दुर्ग से खुटेरी हाई स्कूल छोड़ने व ले जाने का कार्य अपने चार पहिया वाहन से करता है। मेरे उपर बुरी नियत रखता है, गंगाप्रसाद ही रात्रि 01 बजे हमारे घर में बुरी नियत से व मेरे पति को मारपीट करने की नियत से घुसा था, जिसे मेरे पति ने देखा है, चुकि 13 नवंबर के रात्रि 08 बजे मोबाईल से गंगाप्रसाद ने मेरे पति को गाली गलौच दिया था तथा घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दिया था।

**खबर संक्षेप**

## डौंडीलोहारा में धान खरीदी शुरुआत पहले दिन 50.80 क्विंटल धान खरीदा गया

**डौंडीलोहारा।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति डौंडीलोहारा में 17 नवंबर दिन बुधवार को धान खरीदी प्रारंभ की गई, जिसमें उपस्थित समिति अध्यक्ष,किसानों जनप्रतिनिधियों व धान खरीदी प्रभारी की उपस्थिति में इलेक्ट्रिक कांटा व धान की पूजा अर्चना कर खरीदी प्रारंभ किया गया। जिसमें प्राधिकृत अध्यक्ष टेकराम पटेल, हस्तीमल सांखला, पूर्णिमा देवी टेकाम, गोकरण सिंन्हा, आत्माराम खरे बुद्धू राम साहू, रोहित कुमार, राम्हूराम, चंदरसिंह, धान खरीदी प्रभारी अमित दिल्लीवार, सहकारिता विस्तार अधिकारी सोमेंद्र कुमार साहू सहित अनेक किसान उपस्थित थे। बुधवार को कुल सात किसानों ने टोकन कटवाया था, लेकिन कुल तीन किसान ही धान बेचने हेतु लेकर आये, जिसमें झगरू राम/मुंजकरण गुरामी से 26.40 क्विंटल, कुंजीलाल/लखनलाल भेड़ी से 10.80 क्विंटल तथा मुकेश कुमार/तिलक बगईकोन्हा से 13 क्विंटल, इस प्रकार कुल 50.80 क्विंटल खरीदी की गई। सोसाइटियों के कर्मचारियों के हड़ताल में रहने के कारण प्रभारियों के द्वारा धान खरीदी प्रारंभ किया गया।

## निवेश प्रोत्साहन समिति व इन्वेस्टर मीट की बैठक हुई

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति एवं इन्वेस्टर मीट की बैठक 20 नवंबर को को आयोजित की गई है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बालोद के महाप्रबंधक ने बताया कि जिला निवेश प्रोत्साहन समिति एवं इन्वेस्टर मीट की बैठक 20 नवंबर को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में दोपहर 03 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में संबंधितों को निर्धारित तिथि एवं स्थान में उपस्थित होने को कहा गया है।

## अरौद में आज होगा किसान सम्मान समारोह और मेला

**बालोद।** कृषि विज्ञान केन्द्र अरौद में बुधवार 19 नवंबर को किसान सम्मान समारोह एवं किसान मेला का आयोजन किया जाएगा। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का हस्तांतरण किसानों के खाते में किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में जिले के समस्त किसानों को शामिल होने की अपील की है।

**निधन**

### सोनाऊ राम चंद्राकर

**अंडा।** अंडा समिपस्थ ग्राम सिरसिढा (ओटेबंध) निवासी सोनाऊ राम चंद्राकर उम्र 87 वर्ष का आकस्मिक



निधन 18 को शाम को हो गया है, अंतिम संस्कार का कार्यक्रम 19 नवंबर सुबह 11:00 बजे गृह ग्राम सिरसीढा जिला बालोद के मुक्ति धाम किया जाएगा। आप सभी से आग्रह है, इस दुख की घड़ी में इसे सूचना मानते हुए परिवार का संबल बढ़ाने और जिन तक हम ना पहुंच पाए हो उन तक सूचना पहुंचाने की कृपा करें। आप सभी से आग्रह सुबह अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में शामिल होने का कष्ट करें। वे अश्विनी चंद्राकर (पुत्र) पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष चंद्राकर समाज छत्तीसगढ़ राज्य, हितेंद्र चन्द्राकर ( पुत्र) के पिता जी थे।

**धान खरीदी : कोचेरा केंद्र में 411 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी**

# जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य सफलतापूर्वक जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

राज्य शासन के विशेष प्राथमिकता वाले समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत बालोद जिले में धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक जारी है। जिले के कृषक उन्हें जारी किए गए टोकन के अनुसार प्रतिदिन धान खरीदी केन्द्रों में सुबह से पहुँचकर अपने धान की बिक्री की प्रक्रिया को पूरा करने के उपरांत अपनी धान की बिक्री कर रहे हैं। धान खरीदी के तीसरे दिन भी आज 18 नवंबर को सुबह से ही जिले के धान खरीदी केन्द्रों में कृषकों की चहल कदमी शुरू हो गया था।

इसके अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के कोचेरा में आज तीसरे दिन 411 क्विंटल से अधिक की धान खरीदी की गई। जिसमें 272.80 क्विंटल पतला एवं 138.4 क्विंटल मोटा धान है। धान खरीदी केन्द्र कोचेरा में आज ग्राम दुपेचरा

**विकासखण्ड में धान खरीदी में दिखी किसानों की सक्रिय भागीदारी**



के कृषक चोवाराम ने 18 क्विंटल मोटा धान, ग्राम कोचेरा के कृषक दौलतराम ने 254 क्विंटल पतला, दिलीप कुमार 110 क्विंटल पतला, जाम बाई ने 58 क्विंटल पतला, मुरली राम ने 125 विक्टल पतला, तानुराम ने 135 विक्टल पतला एवं नरोत्तम कुमार ने 30 क्विंटल मोटा, कुमेश्वर कुमार ने 100 क्विंटल पतला धान की बिक्री की। इसी तरह धान खरीदी केन्द्र कोबा में 360 क्विंटल से अधिक की धान की खरीदी की गई। जिसमें से 316 क्विंटल मोटा एवं 44 क्विंटल पतला धान शामिल है। धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु आज सुबह से ही नोडल अधिकारियों द्वारा अपने–अपने प्रभार वाले धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर धान खरीदी कार्य का सतत मॉनिटरिंग की गई है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित की गई है। इसके अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों में अपने धान की बिक्री हेतु पहुँचने वाले किसानों की सुविधा को कृष्टिगत रखते हुए उनके लिए शुद्ध पेजयल, छांव, बैठक इत्यादि के अलावा शौचालय आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के अलावा जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा खाद्य, सहकारिता एवं संबंधित विभाग के अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर कार्य की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## तवेरा सोसाइटी में पूजा-अर्चना के साथ धान खरीदी शुरुआत

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही विकास खण्ड के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति तवेरा में पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी ने पूजा अर्चना कर धान खरीदी की शुभारंभ किया गया। मंडावी ने कहा कि सरकार ने किसानों की एक एक दाना खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है, 3100 रुपए की दर से धान खरीदी शुरू हो चुकी है, सरकार ने 3100 रूपये की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीद रही है, किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो उसके लिए सरकार ने किसान कुटीर बनाया गया है।

■ किसानों में उत्साह, पहले दिन 8 किसानों ने कराया धान तौल

प्राधिकृत अध्यक्ष तेजराम साहू ने बताया कि धान खरीदी के पहले दिन ही किसान उत्साह पूर्वक



सोसाइटी पहुंचे और धान तौल कर प्रक्रिया शुरू किया गया, पहले दिन 8 किसानों ने टोकन कटवाकर धान बेचा गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, प्राधिकृत अध्यक्ष तेजराम साहू, सरपंच शैलेन्द्र निषाद, किलेपार सरपंच दिलेश्वर साहू, कसौंदा सरपंच जितेंद्र चंद्राकर, उपसरपंच सनत साहू, प्राधिकृत अधिकारी यशवंत देवांगन, दीप्ति साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर वैजयंती माण्डले, पूर्व प्राधिकृत अध्यक्ष तोरण यदु, पूर्व सरपंच खुमान साहू, तौल ठेकेदार उत्तम साहू, किसान देवेंद्र साहू, श्याम सुन्दर, प्रीतम साहू, रामकुमार साहू, गुहा राम, सुरेश सिन्हा, चंद्रपाल, चंदन सिन्हा झोपरा सहित किसान लोग उपस्थित थे।

# बकली टोला में शासकीय उचित मूल्य दुकान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुसुमकसा

ग्राम पंचायत गिधाली के आश्रित ग्राम बकली टोला में शासकीय उचित मूल्य दुकान का शुभारंभ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता संजय बैंस, सरपंच कंवल सिंह कुलार्य, उपसरपंच शतरूपा भूआर्य, ग्राम समिति अध्यक्ष डोमार खरे, ग्राम पटेल प्यारी लाल कुलार्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र की पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर दुकान का औपचारिक



उद्घाटन किया गया। गांव में उचित मूल्य दुकान प्रारंभ होने से ग्रामीणों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिला। सरपंच कंवल सिंह कुलार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि "यह दिन हमारे गांव के लिए ऐतिहासिक है, जो वर्षों पूर्व देखा गया सपना आज पूरा हुआ है। यह कार्य भाजपा नेता संजय बैंस के प्रयासों से संभव हुआ।" ग्राम समिति अध्यक्ष डोमार खरे ने बताया कि पूर्व में ग्रामीणों को राशन लेने तीन किलोमीटर दूर जाना पड़ता था, जिसके कारण भारी वाहनों की आवाजाही के बीच दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। उन्होंने कहा कि "इस सुविधा से अब पूरा गांव राहत महसूस करेगा।"

संजय बैंस ने कहा कि वे हमेशा क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर हैं। उन्होंने मुख्य अतिथि से 20 लाख रुपये सीसी रोड निर्माण की मांग रखी, जिस पर तत्काल मंजूरी की घोषणा की गई। इस घोषणा से गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। मुख्य अतिथि देवलाल ठाकुर ने कहा कि "विष्णुदेव सरकार जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीण विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी।" कार्यक्रम में रूपलाल पेटल, जगमोहन कोठारी, संतोष आर्य, रोहित देवांगन, प्रेम सिंह भूआर्य सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# खुरपका-मुंहपका से बचाव के लिए ग्राम साजा में मवेशियों का सघन टीकाकरण

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम पंचायत साजा में पशु धन विकास विभाग गुण्डरदेही के द्वारा अतिरिक्त उपसंचालक डॉ रोशन नागदेव के मार्गदर्शन में मवेशियों का सघन टीकाकरण खुरा चपका एवं मुंह पका के बीमारी के बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर पीएआई. डब्ल्यू थानसिंह मंडावी, पशु पालक जानू राम ढीमर, संतोष यदु, तिलक यदु, पशु चरवाहा ढालू राम यादव, धुरसिंह यादव, तेल सिंह यादव, खुमेंद्र यादव, चूल सिंह यादव, हितेश यादव, हितेश यादव, कृष्णा यादव, गगन साहू, फागू यादव सहित पशु पालकगण उपस्थित थे।



# बुनकर संघ का भाजपा सरकार के खिलाफ किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद/निकुम

छत्तीसगढ़ प्रदेश के लगभग 12 जिलों दुर्ग सहित बालोद, रायपुर, राजनादगांव, खैरागढ़, धमतरी, बेमेतरा सहित अन्य जिले से बुनकर संघ के प्रतिनिधि व सदस्य दुर्ग

■ 12 जिलों के बुनकर प्रतिनिधि एकजुट, सरकार से नियम बहाल करने की मांग

बैठक किए, जिसमें भाजपा सरकार के नई रीति नीति से नाराज होकर जमकर नारे बाजी किया।उ छत्तीसगढ़ प्रदेश के लगभग 12 जिलों दुर्ग सहित बालोद, रायपुर, राजनादगांव, खैरागढ़, धमतरी, बेमेतरा सहित अन्य जिले से बुनकर संघ के प्रतिनिधि व सदस्य दुर्ग बैठक किए, जिसमें भाजपा सरकार के नई रीति नीति से नाराज होकर जमकर नारे बाजी किया।

गौर हो छत्तीसगढ़ शासन के भंडार क्रय नियम 8 तीन में सभी शासकीय विभागों सार्वजनिक उपक्रमों में उपयोग होने वाले वस्त्र एवं रेडीमेड गारमेंट की पूर्ति छत्तीसगढ़ राज्य के बुनकरों द्वारा उत्पादित हथकरघा एवं खादी वस्त्र से ही किया जाने का प्रावधान है, हथकरघा वस्तु की आपूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सरकार का विकास एवं विपणन सहकारी संघ रायपुर को नोडल एजेंसी अधिकृत किया गया है, खादी वस्त्रें की आपूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्राम उद्योग बोर्ड को अधिकृत करने के निर्देश दिए गए हैं।

उपरोक्त एजेंसी शासकीय विभाग में केवल उन्हीं वस्तु का आपूर्ति हेतु निर्मित होता है, नियम एवं उद्देश्य है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रें में कार्यरत 17000 बुनकर परिवारों को नियमित रोजगार साधन उपलब्ध हो सके, लेकिन भाजपा सरकार बदलते ही नियम उल्टा कर दिया गया, सरकारी विभाग खादी बोर्ड से बाहर के राज्यों से पावर लोम निर्मित वस्तु खरीद रहे हैं, जिससे साफ है कि सरकारी समिति का उद्देश्य पूरी तरह से विफल कर दिया गया है, यह छत्तीसगढ़ के बुनकर परिवारों की मानो आर्थिक हत्या है, क्योंकि छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास, पुलिस, चिकित्सा, वन, स्कूल शिक्षा, जेल व अन्य विभाग को बड़ी मात्र में वस्त्रें की आवश्यकता होती है। पूर्व मे छत्तीसगढ़ में राज्य हथकरखा विकास एवं वितरण सहकारी संघ मर्यादित रायपुर के द्वारा निरंतर आपूर्ति मांग प्राप्त हो रहा था, जिससे हथकरघा संघ का संबंध 329 बुनकर सरकारी समितियां के 13500 करघो पर शासकीय वस्त्रें के उत्पादन से संबंध 70000 हजार बुनकर परिवार को वस्त्र बुनाई से रोजगार प्राप्त होता था, लेकिन भाजपा सरकार आते ही सरकार सिर्फ पचास प्रतिशत काम देगी, तो बुनकर परिवारों को भूखे मरने की नौबत आ जाएगी, उन्हें मजबूरी में पलायन करना पड़ेगा, वर्तमान में सिर्फ शिक्षा विभाग में गणवेश वितरण की पूर्ति कर रहे हैं।

वही बुनकर संघ प्रमुख लखन देवांगन ने बताया कि बीते 25वर्षों से चल रही आजीविका पर असर पड़ेगा, बुनकर परिवारों को अन्य प्रदेशों में पलायन करना पड़ेगा, इसके पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, खादी एवं ग्रामीण उद्योग मंत्री गजेंद्र यादव को पत्र दिए है, अभी तक कुछ नहीं हुआ संघ ने कहा समय रहते सरकार बुनकर परिवार की मांगों को गंभीरता से लेवे, नहीं तो सभी नाराज बुनकर संघ सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# सिकोसा में विधिवत पूजा-अर्चना कर धान खरीदी की हुई शुरुआत

**बालोद/सिकोसा।** सेवा सहकारी समिति सिकोसा में विधिवत पूजा–अर्चना कर धान खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर सोसायटी प्रबंधन एवं ग्राम प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सोसायटी अध्यक्ष योगेश महिलवार, भुमिका श्रृंगारे, रमेश कुमार, महेश महिलवार, भिषणलाल, चेनसिह, नरेंद्र, सुखी, बिरेन्द बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सोसायटी परिसर में पूजा–अर्चना के बाद आज पहले दिन 7 किसानों का टोकन कट किया गया। खरीद प्रक्रिया के अनुसार कुल 112 किवंटल 80 किलो धान की खरीदी की गई है। प्रबंधन समिति ने बताया कि किसानों की सुविधा हेतु सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं तथा सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर पारदशऍ तरीके से खरीदी जारी रहेगी।



**समक्ष - प्रथम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)**

क्लेम प्रकरण क्रमांक-39/2025
प्रोसेस क्रमांक- 1034/2025

श्रीमती नंदनी सोनी वगैरह ....आवेदक

**विरुद्ध**

कुनाल कुमार वगैरह ....अनावेदकगण

**बनाम** - ईश्वर सेन पिता मांगी लाल सेन, निवासी पता- मोती नगर बोरियाखुर्द, तहसील- रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

आप अनावेदक ईश्वर सेन के खिलाफ आवेदक द्वारा धारा 166 मोटरयान अधिनियम, 1988 के अंतर्गत क्षतिपूर्ति राशि 25,50,000/- रूपये दिलाये जाने बाबत आवेदन पेश किया गया है, जो कि आपके स्वामित्व के वाहन मोटरसायकल पल्सर क्रमांक- सी.जी. /04/ एन.वाई. / 9118 से हुई दुर्घटना में योगिता सोनी को गंभीर चोंट आने से उसकी मृत्यु हो जाने के बारे में पेश की गई है।

इस मामले में आगामी नियत पेशी **तारीख 17/12/2025** को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि तुम मुकदमें की बातें ठीक-ठीक तौर से समझा दी गई हो और जो मुकदमें के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजुद हो जो कि, ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमें का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ और तुम्हारी हाजिरी के लिए मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखिरी फैसले के वास्ते रखा जाने की वजह से तुम्हें उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा, कि जिस पर तुम अपने बचाव की पुष्टि के लिए भरोसा रखना चाहते हो।

तुम्हे ताकिद की जाती है कि यदि तुम तारीख मजूकर पर हाजिर न होओगे, तो तुम्हारे गैरहाजिरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा, यदि मुकर्रर तारीख को अवकाश घोषित हो जावे या किसी कारणवश न्यायालयीन कार्य स्थगित हो जावे तो प्रकरण की सुनवाई उसके अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज तारीख **13 माह 11 सन 2025** को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**(किरण कुमार जांगड़े)**
**प्रथम मो.दु. दावा अधिकरण बालोद जिला बालोद (छ.ग.)**

मुहर

**छत्तीसगढ़ नगर पालिका विधान 1961 की धारा 150 के तहत**

**ईश्तहार**

क्रमांक /2930/ नामांतरण/न.पा./2025

बालोद, दिनांक 17/11/2025

सर्व साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है कि वार्ड क्रमांक 11 मार्ग/गली नम्बर जवाहरपारा बालोद स्थित मकान नम्बर 11/111 में श्री अजय कुमार महोबिया आ. श्री छन्नुलाल महोबिया का नाम दर्ज है ।

उक्त मकान में अपना नाम दर्ज करने हेतु उवर्शी शर्मा आ. श्री हेमंत शर्मा निवासी वार्ड क्रमांक 11 जवाहरपारा बालोद, तहसील व जिला बालोद (छ.ग.) ने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी दावेदार को इस संबंध में आपत्ति हो, तो वह मूल प्रमाण सहित इस सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति कर सकते है। अवधि समाप्त होने पर या अवधि के पश्चात एवं बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नामांतरण का नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

**सूचना हो**

दिनांक 17/11/2025

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बालोद**



## खबर संक्षेप



### लद्दाख के पूर्व सांसद राकेश को मिली एसआईआर कार्य की जिम्मेदारी

**बालोद।** जनसेवक संजारी बालोद राकेश यादव ने लद्दाख के पूर्व सांसद, एसआईआर की राष्ट्रीय टीम के सदस्य एवं छत्तीसगढ़ राज्य प्रभारी जमयांग त्सेरिंग नामग्याल से भेंट की। जमयांग ने राकेश यादव को एसआईआर को संजारी बालोद विधानसभा मे जल्द से जल्द पूरा करने को कहा।

### सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल से राशन वितरण ठप

**गुरूर।** सेवा सहकारी समिति के तहत पंजीकृत सहकारी समिति के कर्मचारीयों के हड़ताल में चले जाने से शासकीय उचित मूल्य की दुकान में ताला लगा हुआ है। जिसके चलते आम लोगों को चावल नहीं मिलने से परेशानी उठानी पड़ रही है। जिसके चलते अनुविभागीय अधिकारी द्वारा हड़ताल पर गए कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है एवं नवंबर माह के राशन वितरण करने एवं दो दिवस में पालन प्रतिवेदन सहित जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। खाद्यान्न वितरण नहीं किए जाने पर नियमानुसार एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी। आपको बता दें कि सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी पिछले कुछ दिनों से विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं जिसके चलते राशन दुकान खुली नहीं है, जिसके चलते आम लोगों को चावल महंगा दामो में लेकर गुजारा करना पड़ रहा है।

### कचांदुर सोसायटी में धान खरीदी की शुरुआत हुई



**गुण्डरदेही।** कचांदुर सोसायटी पंजीयन क्रमांक एक में सोमवार को धान खरीदी का शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर प्राधिकृत अध्यक्ष देवेंद्र यदु, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, जनपद सदस्य हेमपुष्पा साहू, सरपंच देवयंनतीन मार्कंडेय, हेमंत मारकंडे, पूर्व सरपंच संतोष चंद्राकर, भूषण साहू की उपस्थिति में धान खरीदी का शुभारंभ किया किया गया।

### मोखा धान खरीदी केंद्र का सीईओ रात्रे ने किया निरीक्षण



विकासखण्ड में चल रहे धान खरीदी के कार्य में प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है, इसी क्रम में मुख्य कार्य पालन अधिकारी जनपद पंचायत गुरुर उमेश रात्रे द्वारा नोडल अधिकारी और अति सीईओ के साथ धान खरीदी केंद्र मोखा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने समिति की व्यवस्था के संबंध में किसानो से चर्चा की एवं खरीदी कार्य का अवलोकन किया।

**आयोजन : उपमुख्यमंत्री की घोषणा से उत्साहित समाज, 20 लाख की लागत से होगा भवन निर्माण**

# नगर में मनाई गई सहस्त्रबाहू अर्जुन जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ नालेश्वर धाम में हुआ भव्य आयोजन

सिन्हा समाज द्वारा क्षेत्र के में पहली बार सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती समारोह का नालेश्वर धाम में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने समाज के क्षेत्राधिकारी अशोक सिन्हा एवं स्वजातीय बंधुओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम की शुरुआत माताओं एवं बहनों की विशाल कलश यात्रा से हुई, जो नालेश्वर धाम से प्रारंभ होकर काली माता मंदिर तक पहुंची तथा पुनः नालेश्वर धाम में एकत्रित होकर जनसभा के रूप में परिवर्तित हो गई। आयोजन के मुख्य अतिथि नगर पंचायत डौंडी लोहारा के अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडलेश्वर डॉ. कंवल सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज के संरक्षक गौकरण सिन्हा, कोषाध्यक्ष मोहन सिन्हा, क्षेत्राधिकारी अशोक सिन्हा, क्षेत्रीय सचिव राजाराम सिन्हा, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष









रतिराम सिन्हा, सेवकराम सिन्हा, राम गुलाल सिन्हा, नारायण सिन्हा, सुरेंद्र सिन्हा और मूलचंद सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. कंवल सिन्हा द्वारा ध्वजारोहण एवं राजकीय गीत 'अरपा पैरी के धुन' के साथ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र का पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पहार, गुलदस्ता एवं अबीर-गुलाल लगाकर किया गया। शिवचरण सिन्हा, गया सिन्हा और गोविंद सिन्हा द्वारा मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष का शाल-श्रीफल देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डॉ. बी.एल. साहसी ने किया। मुख्य अतिथि टेकाम ने अपने संबोधन में कहा कि "कलार समाज की एकता अनुकरणीय है। समाज हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। माता बहादुर कलारिन की गौरवशाली परंपरा समाज की पहचान को और मजबूत करती है।" उन्होंने सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए समाज की बहुप्रतीक्षित मांग को पूर्ण करने की घोषणा भी की। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. कंवल सिन्हा ने रावण-अंगद संवाद का उल्लेख करते हुए सहस्त्रबाहु अर्जुन की गाथा पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मदन सिन्हा, गणेश सिन्हा, लिलेन्द्र सिन्हा, महेंद्र जायसवाल, उमेंद सिन्हा, ग्राम प्रमुख राधेलाल सिन्हा, राम सिंह सिन्हा, नंदकुमार सिन्हा, गणेश राम सिन्हा, उमेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि डौंडी लोहारा प्रवास पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सिन्हा समाज भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की। समाज द्वारा इसके लिए उनका आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन रामगुलाल सिन्हा, मंडल कार्यकारिणी डौंडी लोहारा द्वारा किया गया।

## आहता संचालक पर बिल का भुगतान न करने व अवैध तरीके से बिजली का उपयोग करने का आरोप



हरिभूमि न्यूज. बालोद/सिकोसा

बालोद जिले के सिकोसा देशी शराब दुकान के आहता लगातार सवालों के घेरे में है। पहले गंदगी और फिर किराए के दुकान में संचालित किए जाने के बावजूद किरायानामा और नौकरनामा के नाम पर कठघरे में रहा है। यही नहीं गंदगी और दो–तीन दिन पुराने खाने के सामानों को बेचने की शिकायत लगातार सामने आ रही है। अब फिर अहाता संचालक का नया मामला सामने आया है, जिसमें बताया जा रहा है कि बिजली बिल भुगतान नहीं किए जाने के कारण लाइन काट दी गई है, यह भी आरोप है कि आबकारी विभाग की सांठ गांठ से बाकायदा अहाता संचालक को बिजली मिल रही है।

विद्युत विभाग सिकोसा के कनिष्ठ अभियंता चंद्रकुमार बघेल ने बताया कि सिकोसा देशी शराब दुकान पर मीटर देवसिंह के नाम से जारी किया गया था। लेकिन दो माह से बिजली बिल का भुगतान नहीं किया गया। जिसका बिल 12 हजार रुपए अहाता संचालक ने अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। जिसके चलते 15 दिन पूर्व अहाता का लाइन काट दिया गया है। शराब दुकान से अवैध तरीके से बिजली लिए जाने के मामले में जल्द ही कार्यवाही किए जाने की बात कनिष्ठ अभियंता ने कही है।

सिकोसा देशी शराब दुकान के संचालक नोकेश साहू और गुण्डरदेही आबकारी विभाग के उप निरीक्षक जागेश्वर सिंह से पूरे मामले को लेकर चर्चा की गई तो दोनों एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ते नजर आए और जब हरिभूमि की टीम मौके पर पहुंची तो महज 15 मिनट के भीतर लाइन काट दी गई। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर अगर दोनों को जानकारी नहीं थी तो लाइन कैसे काट दी गई और बगैर जानकारी के आहता संचालक ने आखिर कैसे चोरी कर लाइन ले ली यह जांच का विषय होगा।

## सेवानिवृत्त प्रधान पाठक प्रताप को भावपूर्ण विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शासकीय प्राथमिक शाला आनंदपुर में प्रधान पाठक प्रताप साहू के सेवानिवृत होने पर स्कूल प्रांगण में विदाई कार्यक्रम छात्र–छात्रओं एवं शिक्षकों पालकों द्वारा रखा गया था। जिसके मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक प्रताप साहू थे विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत गुरुर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू थी। कार्यक्रम में शिक्षक के जीवन पर प्रकाश डाला गया। जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने कहा कि प्रताप साहू बहुमुखी प्रतिभा एवं व्यक्तित्व के धनी है ,मृदु भाषी व्यवहार के साथ लोगों के बीच अपनी सादगी पूर्ण जीवन के लिए अलग पहचान बनाई है उनके उच्च आदर्श विचार एवं व्यवहार लोगों को प्रभावित करता रहा है। विदाई



समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक प्रताप साहू ने अपने शैक्षिक जीवन के बिताए पलो को याद करते हुए कहा कि यह पल मेरे लिए अमूल्य है बच्चों शिक्षकों एवं पालको के बीच बिताए हुए पल मुझे हमेशा याद रहेगा। इस अवसर पर छात्र–छात्रएं, शिक्षक गण, पालक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### अपर कलेक्टर ने सुनी जन समस्याएं

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

## जनजातियों का 'गौरवशाली अतीत' वक्ताओं ने याद की वीरों की शहादत

हरिभूमि न्यूज. बालोद/सिकोसा

■ मां सरस्वती और भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ कार्यक्रम का शुभारम्भ

शासकीय नवीन महाविद्यालय, बेलोदी में जनजातियों के गौरवशाली अतीत पर एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज महिला प्रभाग अध्यक्ष चद्रिरका रावटे थी। विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य सीएल. ठाकुर, महाविद्यालय के जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राहुल साहू थे तथा अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार ने की।

कार्यक्रम का प्रारम्भ मां सरस्वती एवं भगवान बिरसामुंडा के



चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत में जनजातियों का एक गौरवशाली अतीत रहा है। बिरसा मुंडा जनजातियों में भगवान की तरह पूजनीय थे। अंग्रेजों की गलत नीतियों का विरोध करने के लिए जनजातियों ने समय–समय पर अनेक आंदोलन किया, जिसमें हजारो शहीद हुए. उनकी शहादत को भारतवर्ष कभी भुला नहीं सकता। विशिष्ट अतिथि ने भी जनजातियों का रहन–सहन, वेशभूषा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि जनजातीय सम्पूर्ण भारत के और ख़ासकर पर्वतीय क्षेत्रें में आज भी आधुनिकता से दूर रहकर सादगी पूर्ण जीवन जी रहे है। कार्यक्रम को महाविद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राहुल साहू तथा प्राचार्य ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के भेपेन्द्र सिन्हा, ओमप्रकाश साहू, गोकुल राम, घनश्याम साहू, तुलेश्वर साहू, प्रेमनारायण भंडारी, भूपेंद्र इशदा, रूचि वर्मा, प्रविन्यलता, ललिता लहरी, सुधा यादव, सीमा एक्का, तेजस्वीनि साहू, कृतिका रंगरी, प्रियंका ठाकुर, आसो खोबा, नंदिनी साहू, प्रवीण साहू, टूकेश विश्वकर्मा, तुकेश मंडावी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बिसनाथ साहू तथा आभार प्रदर्शन डॉ. प्रविन्यलता मार्कण्डेय ने किया।

## सीएससी गुरूर में 5 सुरक्षित प्रसव कराया गया

### सुरक्षित प्रसव के बाद बच्चों को लगाए गए आवश्यक टीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ डॉ. भारती ने आम जनों से की अपील – शासकीय संस्थाओं में ही कराएं प्रसव

विकासखंड में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील भारती के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरूर में मातृत्व शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 17 नवंबर को प्रसव की निर्धारित तिथि वाले पांच गर्भवती माताओ का सुरक्षित प्रसव कराया गया। जिसमे सभी मां एवं बच्चे दोनों स्वस्थ हैं।

डॉक्टर सुनील भारती ने बताया प्रसव उपरांत बच्चे को जानलेवा बीमारी के बचाव हेतू आवश्यक टीका लगाया गया। मां को जननी सुरक्षा योजना का लाभ के साथ साथ अस्पताल से छुट्टी करने के दौरान प्रसूता माता को कीट प्रदान किया जाएगा। उक्त कीट में मां व बच्चों के उपयोग की आवश्यक सामग्री जिनमें कम्बल बेडशीट, तकिया मच्छरदानी बच्चे व मां के लिए कपड़े, तेल व अन्य चीजें शामिल रहती है, जो एक अनुकरणीय पहल हैं, यह सामग्री



सामान्य व गरीब तपके के लोग नहीं खरीद पाते। उन्होने बताया संस्थागत प्रसव का मुख्य उद्देश्य सुरक्षित प्रसव कराना है ताकि मां, बच्चे में किसी प्रकार की जटिलता एवं स्वास्थ्य समस्या न हो, यदि किसी प्रकार की जटिलता हो तो पहचान कर त्वरित उच्च अस्पताल में उचित प्रबंधन हेतु भेजी जा सके। उन्होने क्षेत्र के आम जनों से अपील करते हुए कहा हैं कि सभी गर्भवती माताओं का प्रसव शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में अवश्य करावे, स्वास्थ्य संस्था प्रसव कार्य संपादित करने में डॉक्टर, स्टॉफ नर्स एवं चतुर्थ श्रेणी स्टॉफ की की महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

### भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक कल

**बालोद/कलंगपुर।** भारतीय किसान संघ जिला बालोद का मासिक बैठक 19 नवंबर को 11 बजे गंगा मैया प्रांगण झलमला में रखा गया है। जिसमें बालोद जिला के सभी तहसीलों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। जिलाध्यक्ष सांवत राम साहू ने कहा कि जिला के किसानों की समस्या के बारे में भी चर्चा कर किसानों की समस्याओ से अवगत कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन पर जोर, मुख्य अतिथि प्रमोद जैन ने किया सायकल वितरण**

## सुरपा स्कूल में 23 बालिकाओं को बांटी गई सायकिल

हरिभूमि न्यूज. बालोद/जामगांव आर

महंत पोसुदास शासकीय हाई स्कूल सुरपा में सरस्वती सायकल योजना के तहत 23 बालिकाओं को शाला विकास समिति अध्यक्ष प्रमोद जैन के मुख्य अतिथ्य में सायकल वितरण किया गया।

सायकल वितरण समारोह में सरपंच चंद्रहास साहू, सांसद प्रतिनिधि देवनंद देवांगन, किशोर सेन, अभिषेक सेन, लोकेश्वर निर्मलकर, मोहन देवांगन, डोमन बघेल, प्राचार्य राजेन्द्र वर्मा मंचासिन रहे। सायकल वितरण में सुव्यवस्था बनाने में सरोज देवांगन, सरिता झा, बबिता सोनवनसी, झमान निर्मलकर सराहनीय योगदान रहा। शासकीय कालेज जामगांव आर ने



क्षेत्रीय शिक्षा स्तर उठाने में इतिहास रचा मुख्यातिथि प्रमोद जैन ने कहा कि सरकार ने बालिका शिक्षा को इतना अच्छा प्रोत्साहित किया कि दो घरों को सुसज्जित करने वाली बेटियों का शिक्षा स्तर क्षेत्र में कालेज स्नातक और स्नातकोत्तर तक पहुंचने लगा है। जैन ने कहा कि जामगांव आर में शासकीय कालेज प्रारंभ कराने में अहम भूमिका निभाकर भाजपा नेता सांसद विजय बघेल ने इतिहास रचा है। स्कूल कालेज में बालकों की संख्या में तेजी से आ रही गिरावट की ओर सरकार को अविलंब प्रेरणादाई अभियान चलाकर बिगड़ रही सामाजिक संतुलन को संभालना अब समय की मांग बन चुकी है।

### पढ़ें लिखे बालिका के लिए योग्य वर ढूंढना चुनौती बनने लगी है

समाजसेवी प्रमोद जैन ने शिक्षा असंतुलन के कारण सामाजिक संतुलन बिगड़ते और परेशान होते समाजजन को रोज देख रहे है, आंखों देखी हाल सुनाते हुए बोले कि बालिकाओं का शिक्षा स्तर कालेज का और बालक का शिक्षा स्तर हाई या हायरसेकेंड्री तक स्थिर होने लगा है, पढ़ी लिखी बहनों को विवाह कम पढ़ें लिखे साथ करना विवशता बनने लगी है। जो बहनों के लिए दर्द भरा जीवन की ओर संकेत करने लगा है। चिंता तो सब कर रहे लेकिन हल निकालने कोई ठोस पहल अभी तक सामने नहीं आ रहा है सरकार ही प्रोत्साहन योजना बालिकाओं की तरह बालकों के लिए भी निकालें यह समय की ज्वलंत मांग है।

